दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक :26.12.2024

प्रकाशनार्थ

दिग्विजयनाथ के छात्रों ने सुशासन दिवस पर लहराया परचम

गोरखपुर 26 दिसम्बर, 2024। श्रद्धेय भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित एकल भाषण प्रतियोगिता और काव्य पाठ में दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज के छॉत्रों का दबदबा रहा।

23 दिसम्बर 2024 को **संवाद भवन में आयोजित जनपद स्तरीय भाषण में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के छात्र प्रद्युम्न दूबे को पूरे जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।** 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस पर प्रद्युम्न दूबे को प्रशस्ति पत्र एवं रू0 10,000/- का चेक उत्तर प्रदेश शासन की ओर से विकास भवन में प्रदान किया गया।

भाषण का विषय ''अटल जी एवं सुशासन'' था। इसके साथ ही साथ अटल जी द्वारा रचित कविता पाठ का भी आयोजन किया गया जिसमें क्षमा पाण्डेय को द्वितीय स्थान और आकाश को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। क्षमा पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र व रू0 5,000/- का चेक तथा आकाश को प्रशिस्त पत्र के साथ रू0 2,500/- का चेक प्राप्त हुआ। तदोपरान्त 26 दिसम्बर को **महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह जी ने भी महाविद्यालय के छात्रों को सम्मानित कर उन्हे भविष्य की शुभकामनाएं दी।**

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह,
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क